प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 04.12.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अखिल भारतीय पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता 2024 के विजेताओं को बांटे पुरस्कार : कहा– ग्रामीण स्तर पर सरकार करायेगी बड़ी खेल प्रतियोगिताएं।
2. संभल के लिये निकले कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को पुलिस ने दिल्ली बार्डर पर रोका : जिले में है 10 दिसम्बर तक बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर प्रतिबंध।
3. आन्दोलन कर रहे किसानों की समस्याओं के समाधान के लिये सरकार ने बनाई पांच सदस्यीय समिति : एक महीने में सौंपेगी मुख्यमंत्री को रिपोर्ट।

और

4. महाकुंभ 2025 के लिए कल से बांटे जाएंगे निमंत्रण : विभिन्न राज्यों में गणमान्य व्यक्तियों को मंत्री देंगे न्योता।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में महंत अवैद्यनाथ अखिल भारतीय पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता 2024 के समापन समारोह में शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने विजेताओं को पुरस्कार और नगद राशि से सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता में देश भर से आई 12 टीमों ने हिस्सा लिया। आज हुआ फाइनल मैच उत्तर प्रदेश और आंध्र प्रदेश

क बीच खेला गया, जिसमें उत्तर प्रदेश ने 52 के मुकाबले 54 अंक पाकर जीत हासिल की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए अनेक प्रोत्साहन कार्यक्रम चला रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भी खेलों को आगे बढ़ाने का काम युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। श्री योगी ने कहा कि भविष्य में ग्रामीण स्तर पर भी खेल प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी। बाइट.........

*खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर दे सकें। इसके लिए कार्यक्रम युद्ध स्तर पर आगे बढ़ रहे हैं। खेल विभाग हो युव युवा कल्याण विभाग, निजी खेल संस्थाएं हों, उन सभी को प्रोत्साहित करने के लिए कार्यक्रम आगे बढ़ाए जा रहे हैं कि उत्तर प्रदेश खेल विभाग गांव से लेकर के प्रदेश स्तर तक के प्रत्येक खेल की प्रतियोगिता को आगे बढ़ाने के लिए अब ग्रामीण लीग खेल प्रतियोगिता को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहा है। हम विधानसभा स्तर पर विधायक खेलकूद प्रतियोगिता को भी प्रोत्साहित करेंगे।*

---

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर के महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के 92वें संस्थापक सप्ताह समारोह का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों को सफलता हासिल करने का मंत्र देते हुए कहा कि प्रतिस्पर्धा के लिए एकाग्रता, कठिन परिश्रम और टीम भावना ज़रूरी है। श्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक नए भारत का निर्माण हुआ है। उन्होंने कहा कि आज देश विश्व की पांचवी सबसे बड़ी

अर्थव्यवस्था बनकर आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर है। बाइट......

*आज पूरी दुनिया भारत की ओर देख रही है। दुनिया का विश्वास भारत पर इसलिए बढ़ा है क्योंकि भारत अब एक नए भारत के रूप में प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में तेजी के साथ आगे बढ़ा है। दुनिया उसी का अनुसरण करती है जो उसके अनुरूप अपने आप को तैयार करने का एक जज्बा रखता है।*

—————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश पर नोएडा और ग्रेटर नोएडा में आंदोलन कर रहे किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए पांच सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। शासन स्तर के अधिकारियों की यह समिति एक महीने में अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। समिति की अध्यक्षता प्रमुख सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास अनिल कुमार सागर करेंगे। साथ ही समिति के सदस्यों के तौर पर विशेष सचिव अवस्थापना व औद्योगिक विकास पीयूष वर्मा, एसीईओ नोएडा संजय खत्री, एसीईओ ग्रेटर नोएडा सौम्य श्रीवास्तव और एसीईओ यीडा कपिल सिंह को नामित किया गया है।

—————————

संभल जाने के लिए आज सुबह निकले लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को पुलिस ने दिल्ली बार्डर पर ही रोक दिया, उनके साथ प्रियंका गांधी वाड्रा और कई अन्य कांग्रेस नेता भी मौजूद थे। उनका

काफिला काफी देर तक दिल्ली बॉर्डर पर ही रुका रहा, जिसके चलते दिल्ली बॉर्डर पर करीब एक घंटे तक जाम रहा। संभल जाने से रोके जाने पर राहुल गांधी ने कहा कि वह एक संवैधानिक पद पर हैं और उन्हें संभल जाने की इजाज़त दी जानी चाहिए। बाइट.....

*एज एलोपी मेरा अधिकार बनता है कि मैं जा सकता हूँ मगर तब भी वो मुझे रोक रहे हैं। कह रहे हैं की कुछ दिनों में अगर हम वापस आएँगे तो फिर वो हमें जाने देंगे।*

भाजपा के प्रवक्ता मनीष शुक्ला ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांग्रेस के नेता राजनीतिक पर्यटन के लिए संभल जाना चाहते हैं।

*केवल और केवल तुष्टिकरण करने के लिए वोट बैंक की राजनीति करने के लिए राहुल गांधी, प्रियंका वाड्रा वहां जाना चाहती हैं। जो यह वोटों की राजनीति सपा, कांग्रेस जैसे दल कर रहे हैं यह जनता समझ रही है और जनता इनको जवाब देगी।*

इस बीच संभल के ज़िलाधिकारी राजेंद्र पैंसिया ने 10 दिसम्बर तक संभल में किसी भी बाहरी व्यक्ति को प्रवेश की अनुमति ना देने की बात दोहराई है।

—————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादशिक

समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————

13 जनवरी से शुरू हो रहे महाकुंभ के लिए कल से निमंत्रण बांटने का सिलसिला शुरू हो जाएगा। प्रदेश के मंत्रियों को देश भर में निमंत्रण बांटने की ज़िम्मेदारी सौंपी गई है। मंत्रिया के राज्यवार दौरे का कार्यक्रम मुख्यमंत्री कार्यालय से जारी किया गया है। वहीं महाकुम्भ 2025 को श्रद्धालुओं के लिए यादगार बनाने के लिए बॉलीवुड के जाने माने कलाकार रामायण और महाभारत की लीलाओं का मंचन करेंगे। केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय और प्रदेश का संस्कृति विभाग मिलकर सांस्कृतिक संध्या का आयोजन करेंगे। पेश है एक रिपोर्ट........

*इस बार महाकुंभ को और भी खास बनाने के लिए देशके दिग्गज और नामचीन सितारे महाकुम्भ मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं का मनोरंजन करेंगे। फेमस बॉलीवुड एक्टर आशुतोष राणा 25 जनवरी को हमारे राम पर अपनी प्रस्तुति देंगे। तो अभिनेत्री और सांसद हेमामालिनी 26 जनवरी को गंगा अवतरण पर अपनी प्रस्तुति देंगी। 8 फरवरी को अभिनेता और सांसद रवि किशन शिव तांडव की प्रस्तुति देंगे, जबकि 21 फरवरी को पुनीत इस्सर महाभारत शो का मंचन करेंगे। इस दौरान देश के जाने माने बैंड भी लोगों का मनोरंजन करेंगे। सुशील चन्द्र तिवारी, आकाशवाणी सामचार, लखनऊ।*

————————

रामनगरी अयोध्या में कल से चार दिवसीय रामायण मेले का शुभारंभ होगा। मेले का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी

आदित्यनाथ करेंगे। इस बीच रामनगरी आने वाले पर्यटकों के लिए एक अच्छी खबर है। यहां आने वाले पर्यटक अब आसमान से अयोध्या का भव्य रूप दख सकेंगे। अयोध्या में आज से हॉट एयर बलून सेवा की शुरुआत विधायक वेद प्रकाश गुप्ता और मंडलायुक्त गौरव दयाल ने की। मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने बताया कि पर्यटकों के लिए यह एक रोमांचकारी अनुभव होगा। बाइट......

*हाट बैलून एक तरह से आकर्षण होता है किसी भी जगह पर अगर आपको उस शहर को ऊपर से देखना है, नज़ारा लेना है तो उसके लिए एक तरीका है और एक रोमांच भरा एक्सपीरियंस लोगों को प्राप्त होगा। तो मैं उम्मीद करता हूँ की ये एक अट्रैक्शन बनेगा और लोग यहाँ पर आएंगे और इसका लुफ्त उठाएंगे।*

हॉट एयर बलून सेवा को लेकर पेश है एक रिपोर्ट.....

*इस हॉट एयर बैलून के माध्यम से पर्यटक लगभग 250 फीट की ऊंचाई से 10 मिनट तक अयोध्या के सरयू घाट और मठ मंदिरों का दर्शन कर सकेंगे। अयोध्या विकास प्राधिकरण और पुष्पक एडवेंचर संयुक्त रूप से हॉट एयर बैलून का संचालन कर रहे हैं। इस बलून के लिए 999 रुपये प्रति व्यक्ति खर्च करने होंगे। इसमें एक साथ चार लोग ही बैठ सकेंगे, जिसमेंएक पायलट भी होगा। अयोध्या से तन्मय सोनी के साथ आकाशवाणी समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।*

———————

केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय ने प्रदेश के श्रावस्ती और बटेश्वर को विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल बनाने की महत्वाकांक्षी परियोजनाओं की घोषणा की है। इन परियोजनाओं का उद्देश्य धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहरों को संरक्षित करते हुए राजगार के अवसर बढ़ाना और

क्षेत्रीय विकास को गति देना है। श्रावस्ती को समृद्ध बनाने के लिए 80 करोड़ 24 लाख रुपये की लागत से एकीकृत बौद्ध पर्यटन विकास परियोजना प्रारंभ की गई है। परियोजना में प्रवेश द्वार, इंटरप्रिटेशन सेंटर, भूनिर्माण, सड़क सौंदर्यीकरण, पार्किंग, छात्रावास और अन्य सुविधाएं विकसित की जाएंगी। वहीं आगरा के पास बटेश्वर को धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन स्थल के रूप में उभारने के लिए 74 करोड़ 5 लाख रुपये की लागत से विकसित किया जारहा है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मस्थान बटेश्वर अपने 101 प्राचीन शिव मंदिरों के लिए प्रसिद्ध है।

(समाप्त)